Regarding development of Maa Shakumbhari Devi Sidhpeeth and Hazrat Raipuri Dargah

श्री इमरान मसूद (सहारनपुर) **:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ है, जहां लाखों लोगों की यह मान्यता है कि देवी मां के दर्शन मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं । कहा जाता है कि जब दुर्गमासुर नाम के राक्षस के आतंक से तीनों लोक त्राहि-त्राहि करने लगे थे, तब देवताओं के आह्वान पर मां शाकुंभरी देवी प्रकट हुई थीं । जहां पर मां शाकुंभरी देवी का सिद्धपीठ है, वह क्षेत्र औलियाओं की धरती है, सूफी-संतों की धरती है ।?(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूं कि उस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में चयनित किया जाए और जो दिल्ली-यमनोत्री नेशनल हाइवे है, जहां से उसका रास्ता निकलता है । चूंकि वहां सड़कें नहीं हैं, दिल्ली-यमनोत्री नेशनल हाइवे का काम 10 सालों से अधूरा पड़ा है, उसको पूर्ण कराया जाए । केन्द्र सरकार मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ और हजरत रायपुरी दरगाह के लिए रास्ता बनाने का काम करे । इस पूरे कॉरिडोर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता देकर वहां के लिए फंड्स भेजे । हमारे यहां एक देवला गांव है, वहां से मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय तक एक रोड बनाई जाए । उस पूरे सर्कल को मां शाकुंभरी देवी के नाम पर आपने एक यूनिवर्सिटी भी बनाई है, उस यूनिवर्सिटी को रोड की कनेक्टिविटी मिले । मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ में 24 घंटे लाइट की भी व्यवस्था हो । मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ तक हाइवे से एक रास्ता बनाया जाए ।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि ये देवी-देवताओं, औलियाओं, सूफियों और संतों की धरती है । इस धरती पर जहां मां शाकुंभरी देवी निवास कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ हजरत रायपुरी की दरगाह है । इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में चयनित करके इसका समग्र विकास कराया जाए ।